14.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- देश आज बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा है। प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–सरकार न्याय प्रणाली को जन केंद्रित और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास कर रही है।

- राजस्थान पुलिस के तीन दिन तक चलने वाले 76वें स्थापना दिवस समारोह की कल से होगी शुरूआत।

- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने से तापमान में फिर से बढ़ोतरी–पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में कल से हीटवेव का पूर्वानुमान।

00000

देश आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केन्द्रीय मंत्रियों तथा संसद सदस्यों ने संसद भवन परिसर में डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, प्रदेश में भी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर आंबेडकर जयंती पर समारोह आयोजित कर उन्हें याद किया जा रहा है। जिला मुख्यालयों पर पुष्पांजलि, संगोष्ठी, प्रभात फेरी और समरसता रैली के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्यस्तरीय कार्यकम राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए बाबा साहेब ने जो सपना देखा था उसे पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

......

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विशेष वर्गों और वंचितों को विभिन्न सौगातें भी दीं। इनमें, एससी एसटी उद्यमियों को औद्योगिक भूखंड, सफाई कर्मचारियों के लिए एक मुश्त समझौता योजना तथा नशा मुक्ति केन्द्रों का शुभारंभ शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अम्बेडकर पंचतीर्थ योजना की बस को हरी झंडी दिखाई और इस साल की बजट घोषणा में संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की पहली स्वीकृतियां भी जारी कीं। श्री शर्मा ने दिव्यांगजन के लिए सहायक उपकरणों का वितरण किया और स्वच्छकारों को सहायक सेफ्टी किट प्रदान किये। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विधि मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद मंजू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के आम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह जयपुर के अल्बर्ट हॉल से रन फॉर इक्वलिटी मैराथन आयोजित हुई। इसमें उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज डॉ. भीमराव आम्बेडकर को श्रद्धाजंलि दी गई। इस मौके पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के योगदान विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। जोधपुर में नागौरी गेट स्थित डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि कार्यकम आयोजित हुआ। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि दी। उन्होंने कहा बाबा साहेब ने भारतीयों के बीच समानता की एक ऐसी मशाल प्रज्वलित

की है, जिसका उजाला युगयुगीन है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद राजेन्द्र गहलोत सहित कई जनप्रतिनिधि और आमलोग मौजूद रहे। अलवर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर स्मारिका का विमोचन किया। बाडमेर में अंबेडकर सर्कल पर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं इस मौके पर जनजागरूकता रैली और विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। श्रीगंगानगर, चूरू, झालावाड़, डूंगरपुर और भीलवाडा सहित कई जिलों में भी आम्बेडकर जयंती के मौके पर श्रद्धाजंलि सभा सहित विभिन्न कार्यकम आयोजित हुए।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्र आज बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि दे रहा है और उनके आदर्श सरकार का हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे। हरियाणा के हिसार में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से बाबा साहब का जीवन, उनका संघर्ष और उनका शाश्वत संदेश सरकार की यात्रा का आधार रहा है। श्री मोदी ने कहा कि प्रत्येक दिन, लिया गया प्रत्येक फैसला और बनाई गई प्रत्येक नीति डॉ. अंबेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग की दिशा में एक कदम है।

....

प्रधानमंत्री ने कहा कि शोषितों से लेकर वंचितों तक, आदिवासियों से लेकर महिलाओं तक, गरीबों से लेकर हाशिए पर पड़े लोगों तक उनकी सरकार का हर प्रयास उनके जीवन में बदलाव लाने और उनकी आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने के उद्देश्य से है। बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी जयंती दलितों, वंचितों और पिछड़े समुदायों के लिए "दिवाली" की तरह है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने आज हरियाणा में हिसार हवाई अड्डे पर अयोध्या के लिए व्यवसायिक उडान को रवाना किया और टर्मिनल–टू भवन की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में मात्र 74 हवाई अड्डे थे और अब यह संख्या 150 से अधिक हो गई है।

000000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश की न्याय प्रणाली को जन–केंद्रित और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास कर रही है। नई दिल्ली में आज अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सरकार सभी को समय पर न्याय दिलाने और न्याय से संतुष्ट होने की दिशा में काम कर रही है। गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून 21वीं सदी के सबसे बड़े सुधार हैं।

00000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर कहा है कि वक्फ संपत्तियों को मुतवल्लियों ने अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए दुरुपयोग किया। इसके कारण वक्फ कानून में संशोधन करना पडा। श्री शेखावत ने आज जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वक्फ सम्पत्तियों का लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिए।

.....

मंदिरों की संपत्ति से जुड़े सवाल पर श्री शेखावत ने कहा कि अधिकांश मंदिर राज्य सरकारों की संपदा है, जिनके प्रबंधन के लिए देवस्थान बोर्ड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जब तक देश के बहुसंख्यक समाज की तरफ से इस बारे में कोई विषय नहीं उठाया जाये तब तक इससे छेड़छाड़ करने की आवश्यकता नहीं है।

0000

राजस्थान पुलिस के 76वें स्थापना दिवस समारोह के सिलसिले में कल से तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। पहले दिन पुलिस अकादमी परिसर और जिलों में पुलिस लाइंस में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। 16 अप्रैल को आरपीए में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उत्कृष्ट कार्य के लिए 40 पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन और पुलिस बैंड की प्रस्तुतियां होंगी। बच्चों को पुलिस थानों का भ्रमण कराकर पुलिस सेवा की जानकारी दी जाएगी। आखिरी दिन राजस्थान पुलिस अकादमी में नए आपराधिक कानूनों के संबंध में कार्यशाला होगी, जिसमें विशेषज्ञ कानूनों के कार्यान्वयन और चुनौतियों पर विचार विमर्श करेंगे।

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के साथ ही तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल राज्य में सबसे ज्यादा 44 डिग्री सैल्सियस तापमान बाड़मेर में  दर्ज हुआ। बाडमेर और सवाईमाधोपुर में आज तेज गर्मी के असर से जनजीवन प्रभावित नजर आया। दोपहर में बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। मौसम विभाग ने आगामी चार–पांच दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 3 से 4 डिग्री सैल्सियस बढोतरी होने की प्रबल संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ति क्षेत्रों में कल से अगले दो–तीन दिन कई भागों में हीटवेव और कहीं–कहीं तीव्र हीटवेव दर्ज होने का पूर्वानुमान है। वहीं जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ क्षेत्रों में अगले दो–तीन दिन अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सैल्सियस दर्ज होने के आसार है।

00000